

नया इंडिया
राजस्थान

भीलवाड़ा

मौसम
रपट/पुर्वानुमान

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
02-अगस्त	23.0	27.0	बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।
03-अगस्त	23.0	26.0	बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।

समाचार: जिला, आसपास

भाजपा महिला मोर्चा की कार्यशाला संपन्न

भीलवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदेश पदाधिकारियों एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों की जिला अध्यक्षों ने जयपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मोदी सरकार की योजनाओं से महिलाओं के जीवन में बदलाव भाजपा की कार्य पद्धति आगामी कार्यक्रमों की योजना भाजपा के विस्तार एवं टीकाकरण में महिला मोर्चा की भूमिका, आईटी का भाजपा की मजबूती में योगदान आदि कहीं विषय को लेकर महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के बीच विचार विमर्श किए गए बैठक को राज्यसभा सदस्य भारती बेन सियाल, प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, दीया कुमारी, पूर्व मंत्री अनिता भदेल, भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अलका मूंदड़ा आदि ने संबोधित किया। कार्यशाला में चित्तौड़गढ़ की भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वीणा दशोरा निधि भाग लिया एवं महत्वपूर्ण विषय पर अपना मत रखा।

भाजपा का कांग्रेस सरकार की नीतियों के विरूद्ध प्रदर्शन आज

भीलवाड़ा। भाजपा जिला संगठन द्वारा कांग्रेस सरकार की नीतियों के विरुद्ध जिला मुख्यालय पर 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्री में भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। भाजपा जिला प्रवक्ता कैलाश सोनी ने बताया की कांग्रेस सरकार की कुनीतियां भ्रष्टाचार बिगड़ती कानून व्यवस्था बेरोजगारी अपराधिक घटनाएं महिलाओं बच्चों पर बढ़ते अत्याचार बिजली की दरों में बढ़ोतरी सहित मंडल जिला एवं प्रदेश स्तर के विभिन्न मुद्दों को लेकर सांसद विधायक चेयरमैन पार्षद सहित भाजपा जनप्रतिनिधि पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता कार्यकताओं द्वारा जिला मुख्यालय पर कांग्रेस सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन ज्ञापन 2 अगस्त सोमवार को दिया जाएगा इस कार्यक्रम में भीलवाड़ा शहर के 4 मंडल सहित कुल 6 मंडल के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

घर-घर औषधि योजना एवं जिला स्तरीय वन महोत्सव का शुभारम्भ

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य स्तरीय वन महोत्सव एवं घर-घर औषधि योजना कार्यक्रम का विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारम्भ किया गया। जिसमें माण्डल विधायक रामलाल जाट, भीलवाड़ा जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम. नकाते, गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक अक्षय त्रिपाठी एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण ने कलक्ट्रेट स्थित वी.सी. रूम से भाग लिया। इसके पश्चात जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय वन महोत्सव एवं घर-घर औषधि योजना के कार्यक्रम का शुभारम्भ आरजिया नर्सरी में रखा गया।

कार्यक्रम में माण्डल विधायक रामलाल जाट, जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम. नकाते,, पंचायत समिति माण्डल प्रधान शंकर लाल कुमावत, पंचायत समिति सुवाणा प्रधान श्रीमती फूलकंवर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रामचन्द्र बैरवा, उपखण्ड अधिकारी भीलवाड़ा श्रीमती ओमप्रभा, गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक अक्षय त्रिपाठी, अभियेक शर्मा, विकास अधिकारी,सुवाणा, सीताराम खटीक, वरिष्ठ योजना अनुसंधान अधिकारी बनास परियोजना भीलवाड़ा बाबू लाल जाजू , पिपुल्स फॉर एनिमल एवं आरजिया ग्राम पंचायत एवं आस-पास के ग्रामीण ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि रामलाल जाट, विधायक माण्डल द्वारा मानव स्वास्थ्य रक्षण और व्याधिक्षमत्व बढ़ाने तथा चिकित्सा हेतु बहुउपयोगी औषधीय पौधे तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा , कालमेघ पौधों के बारे में विस्तार से बताते हुए जिले में अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने हेतु अपील की गयी। साथ ही वन विभाग द्वारा जिले के राष्ट्रीय राजमार्गो पर किये जा रहे पौधारोपण कार्य की प्रशंसा करते हुए कार्य को अभियान के तौर पर किये जाने के लिए कहा। जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम.नकाते ने औषधीय पौधों के उपयोग एवं चिकित्सा पद्धति में उपयोग के बारे में अवगत कराया एवं कार्यक्रम को स्कूली बच्चों से जोड़ने की अपील की, जिला कलक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय वन महोत्सव के तहत वन विभाग, ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग, अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा एक लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जा रहा है।

उप वन संरक्षक भीलवाड़ा डी.पी.जागावत ने जिले में चल रही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की इस महत्वाकांक्षी योजना के बारे में विस्तृत अवगत कराया। साथ ही बताया कि यह योजना 5 वर्ष के लिए चालू रहेगी। जिसमें इस वर्ष जिले के 247952 परिवारों को जिनका वितरण लाभार्थी परिवार के जन आधार कार्ड , आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड की जानकारी प्राप्त कर निःशुल्क वितरण किया जावेगा।

पर्यावरण शिक्षण केन्द्र की स्थापना

कार्यक्रम के दौरान मांडल विधायक रामलाल जाट ने पर्यावरण शिक्षण केन्द्र के रूप में जिले में पर्यावरण एवं वनों के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्र स्थापित करने की आवश्यकता बताई। इस हेतु माननीय विधायक द्वारा जिला कलक्टर एवं उप वन संरक्षक को शीघ्र ही केन्द्र की संकल्पना अनुरूप कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने हेतु कहा, ताकि शीघ्र ही इसकी स्वीकृति प्राप्त की जाकर कार्य प्रारम्भ कराया जा सके। उप वन संरक्षक, डी.पी.जागावत ने इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस केन्द्र पर राज्य एवं जिले के वनों, वृक्षों, वन्यजीवों, पक्षियों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी सम्माहित करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं भौगोलिक विविधता को भी समाहित किया जायेगा। राज्य का इस तरह का यह पहला केन्द्र होगा।

कार्यक्रम के दौरान 'घर-घर औषधि योजना' के तहत पौध वितरण हेतु वाहन को माननीय विधायक श्री रामलाल जाट एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर ग्राम पंचायत आरजिया हेतु रवाना किया गया। इसके पश्चात वनमहोत्सव के तहत अतिथियों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा 181 छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन पण्डित अशोक व्यास द्वारा किया गया। वनमहोत्सव कार्यक्रम में गोविन्द सिंह खींची, सहायक वन संरक्षक, भंवर लाल बारेठ क्षेत्रीय वन अधिकारी , योगेश चाष्टा, धर्मेन्द्र उपाध्याय, किशन सिंह, छोटू सिंह वनपाल, छोटू लाल कोली, वनपाल, लाल चन्द खटीक वनपाल, शांति लाल पारीक वनपाल आदि उपस्थित थे।

फटाफट

सुवाणा में भी आयोजित हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

भीलवाड़ा। अभिनव पहल वृक्षारोपण के तहत ग्राम सुवाणा में भी दण्ड का देवरी के पास पौधारोपण कार्यक्रम हुआ जिसमें माण्डल विधायक श्री रामलाल जाट एवं जिला कलक्टर श्री शिवप्रसाद एम नकाते सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। इस अवसर पर रामलाल जाट ने कहा कि पेड़ पौधो से ही हमारा जीवन सुरक्षित है एवं पौधो से ऑक्सीजन मिलती है एवं प्रदूषण कम होता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण किया जाए। जिला कलक्टर ने अनुकरणीय कार्य बताते हुए कहा कि पौधे लगाने से बीमारियां नहीं फैलेगी एवं ऑक्सीजन लेने के लिए हॉस्पिटल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

जीतो इन्स्पायर बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

भीलवाड़ा। जीतो यूथ विंग भीलवाड़ा द्वारा आयोजित इन्स्पायर बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता दादी धाम रोड स्थित मैदान पर संपन्न हुई समापन अवसर पर यूथचेयरमैन कवीश नाहर, चीफ सेक्रेटरी मोहित भूरा,सिद्धार्थ श्रीमाल, निशांत जैन, कन्वेनर सम्पत कोठारी,प्रतीक बुलिया, विभोर गोधा, सिद्धार्थ मारू, अभिषेक खजांची, प्रतीक शाह, अर्पित सेठी, रोहित भूरा, सुदीप सुराणा, सुयश सुराणा, रुद्राक्ष नाहर ,आदित्य सिंघवी, कुणाल जैन, उपस्थित थे। पूरे आयोजन मे प्रतीक बोलिया व कुणाल जैन का विशेष सहयोग रहा ।प्रतियोगिता में विजेता -पर्पल कैप सोहिल नाहर ,ऑरेंज कैप सम्यक राका, मैन ऑफ सीरीज सम्यक राका, रनर अप टीम जे स्ववायर चेलेंजर तथा विजेता टीम गैलेक्सी स्टार रही ।सभी खिलाड़ियों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया।यूथ विंग द्वारा स्पांसर स्माइल एवं मावरिक्स टर्फ एन्ड कैफे का आभार जताया गया । साथ ही अपेक्स स्तर पर 13 अगस्त से 15 अगस्त 2021 तक आयोजित होने वाली मेगा इवेंट एस्पायर में भाग लेने हेतु अपना रजिस्ट्रेशन किया ।

672 की जांच में नहीं आया पॉजीटिव सामने

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा में दसवां दिन भी राहत की खबर लेकर आया है। कोरोना को लेकर चिकित्सा विभाग द्वारा की जा रही जांच में रविवार को कोई पॉजिटिव सामने नहीं आया है। आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि चिकित्सा विभाग ने 672 संदिग्धों की सैंपलिंग कर आरटी पीसीआर जांच की गई।

3 ग्रह अगस्त में बदलेंगे अपनी राशि, मौसम में उतार-चढाव की स्थिति रहेगी

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पं सीताराम त्रिपाठी शास्त्री ने बताया कि रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे कई बड़े पर्व विभिन्न शुभ मुहूर्तो में मनाए जाएंगे वही बुध सूर्य शुक्र राशि परिवर्तन करेंगे। संयोगवश तीनों ग्रहों का राशि परिवर्तन शुभता बढ़ाने वाला रहेगा। इस दौरान बुधादित्य योग बनेगा जो विद्यार्थियों व व्यापारियों के लिए लाभकारी रहेगा वही शुक्र ग्र ही स्थिति कुछ ऐसी रहेगी जो महिलाओं के लिए एक बार फिर उन्नति के मार्ग प्रशस्त करेंगी। सावन के चलते अगस्त को बुध रात्रि 1:33 बजे कर्क से सिंह राशि में प्रवेश करेगा। सूर्य भी 17 अगस्त को रात्रि 1:16 बजे सिंह राशि मे प्रवेश करेंगे। आगामी 26 अगस्त को सुबह 11:20 बजे तक सिंह राशि में बुधादित्य योग की स्थिति रहेगी जो इस अवधि वाली दिनों की शुभता को बढ़ाएगी। बावजूद इसके मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनेगी। पं. त्रिपाठी ने दावा किया कि बुध, शुक्र सूर्य ग्रह के राशि परिवर्तन से राजनीति उठा पटक जोरदार होगी। नये चेहरे को मौका मिलेगा राजस्थान में कई मंत्रियों को हटाया जायेगा तथा महिलाओं को विशेष मौका मिलेगा शुक्र प्रधान ग्रह के कारण राजस्थान की राजनीति में महिलाए बढ़ायेंगी कदम। बुध का राशि परिवर्तनः-बुध 9 अगस्त को सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इस राशि में वे 26 अगस्त तक रहेंगे। इसके बाद कन्या राशि में जाएंगे। सिंह राशि सूर्य के स्वामित्व वाली राशि है। इस राशि में सूर्य 17 अगस्त को पहुंचेंगे। तब बुधादित्य योग बनेगा।

सांवलिया सेठ दे दे, नौगांवा का मालिक दे दे, भरियो ह थारो भंडार... पर झूमी महिलाएं

भीलवाड़ा। सांवलिया सेठ दे दे, नौगांवा का मालिक दे दे, भरियो ह थारो भंडार, सेठ सांवलिया बड़ा मतवाला, करे न लेट सांवरा सेठ... सरीखे भजन प्रस्तुत करती मंडली। इन भजनों पर नाचती-गाती महिलाएं। मौका था रविवार को नौगांवा की माधव गौशाला में स्थित सांवलिया सेठ मंदिर में श्रावण मास के उपलक्ष्य में हुए भजन कीर्तन कार्यक्रम का। ठाकुर जी के झूले में मनमोहक दर्शन करने पहुंची कृष्ण गौशाला रायपुर की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक भजन पेश कर माहौल को धर्ममय कर दिया। सुनीता झंवर, मनोरमा झंवर, वीणा खटोड़, सुमन मूंदड़ा सहित कई महिलाओं ने भजन कीर्तन कर ठाकुर जी को झुलाया। परम पूज्य माधव गौ विज्ञान अनुसंधान संस्थान के सचिव सत्यप्रकाश गगड़ ने बताया कि कोविड-19 गाइडलाइन को ध्यान रखते हुए गौ सेवा व गौ परिक्रमा के साथ ही मंदिर में ठाकुर जी के झुला दर्शन कराए जा रहे है। मंदिर में हनुमान जी के दर्शन के लिए भी लोग पहुंच रहे हैं। ठाकुर जी के लिए चांदी का झुला भक्तों की ओर से उपलब्ध कराया गया है।

हलचल : मेवाड़

हमारा लक्ष्य परमात्मा को पाना हो: महामंडलेश्वर अनंतदेव

रामधाम में प्रवचन के बाद गोपालद्वारा में हुआ साप्ताहिक रामायण पाठ

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

वामदेव ज्योतिरमठ वृंदावन के संस्थापक, रामधाम के संरक्षक एवं अखिल भारतीय संत समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महामंडलेश्वर अनंत देव गिरी महाराज (वृंदावन) ने कहा की इस संसार मे परमात्मा के सिवाय हमारा कोई नहीं है। हमें परमात्मा में ही विश्वास करना है। परमात्मा की पूजा व दान पुण्य करना है। दान ऐसा हो कि करते समय हम दिखे नहीं लेकिन कर्म और कर्तव्य पूरा हो जाए। हमे परमात्मा प्राप्ति के लिए अपने चित्त को टिकाना होगा। किसी भी तरह परमात्मा को प्राप्त करना होगा। हमारा लक्ष्य परमात्मा प्राप्ति का है और इसे हमे प्राप्त करना होगा तभी मनुष्य जीवन जीना सार्थक है। परमात्मा एक ही है जो दिखाई पड़ता है वह स्वरुप है। शरीर पंच तत्वों से निर्मित है। चैतन्य रूपी घर है, स्थिर अचर है। परमात्मा मन अंदर बाहर स्थित है। आठ मुख है। पशुपतिनाथ अस्थ मूर्ति है। आठ स्वरूप परमात्मा शिव अस्थ मुख है। यह श्याम सदा शिव का स्वरुप है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्र और आत्मा यह सभी आठ रूपों में विराजमान हैं। श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश मानसिंहका ने बताया की प्रवचन के बाद बड़े मन्दिर के पीछे गोपाल द्वारा में दोपहर 3 से 5 बजे तक साप्ताहिक रामायण पाठ हुआ। इसमें रामायण की चौपाइयों का गान, गीता पाठ, रामायण अन्त्याक्षरी, हनुमान चालीसा व भजन हुए। शिवप्रकाश लाठी, प्रोफेसर जगदीश भदादा, प्रह्लाद राय भदादा ने संचालन किया। प्रवचन में महामंडलेश्वर के साथ काशी, बनारस के दंडी स्वामी सर्वेश्वरानंद तीर्थ, स्वामी अवधेश आश्रम, वामदेव आश्रम के नारायण चेतन स्वामी, स्वामी लक्ष्मण चेतन महाराज, परमहंस वामदेव ज्योतिर्मठ वृन्दावन के स्वामी मितानंद महाराज बंगाली बाबा, सुखेश कुमार फगवाड़ा आदि का भी दर्शनलाभ मिल रहा है। प्रवचनों का प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक फेसबुक व यूट्यूब पर लाइव प्रसारण हो रहा है। वेदांत पर स्वाध्याय 1 अगस्त से शाम 4:00 बजे शुरू हो गया है। कार्यक्रम में नंदू लढ़ा, वीणा मानसिंहका, प्रतिभा मानसिंहका, रतन वाहेती ने संत श्री का आशीर्वाद लिया।

सुर्खियां

भाजपा प्रदेश लघु उद्योग प्रकोष्ठ के मेवाड़ा सह संयोजक मनोनीत

भीलवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने भाजपा के विभिन्न प्रदेश प्रकोष्ठों की आज घोषणा की जिसमें भाजपा प्रदेश लघु उद्योग प्रकोष्ठ में सह संयोजक पद पर प्रशांत मेवाड़ा को को नियुक्ति दी है भाजपा जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ में विभिन्न 19 प्रकोष्ठ कि घोषणा एक साथ की गई है जिसमें राजस्थान भर के वरिष्ठ जनों को जोड़ा गया है मेवाड़ा पूर्व में दो बार भाजपा जिला मंत्री, विभिन्न प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व यूआईटी ट्रस्टी ,लोकसभा चुनाव 2019 सह संयोजक एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के केंद्रीय प्रबंधन समिति सदस्य रह चुके है भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं ,मित्रगण एवं परिवारजनों सहित सभी ने मेवाड़ा के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां प्रेषित की है।

तेज बारिश से शहर पानी-पानी

भीलवाड़ा। जिले में तेज बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, यही बस स्टैंड हो या अस्पताल हर जगह पानी ही पानी भरा हुआ है , लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश में एक युवक नाले में बह गया इसके बावजूद पानी की निकासी व्यवस्था नहीं हो पाई है। भीलवाड़ा में हुई तेज बारिश के चलते कई जगह जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है नेहरू रोड पर बस स्टैंड के बाहर सड़क पर दो फिट तक पानी भरा है जबकि इसी मार्ग पर स्थित राम स्नेही अस्पताल में जाने के लिए लोगों को एक से डेढ फीट पानी के बीच होकर जाना पड़ रहा है पानी निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं होने से हर जगह जलभराव देखा जा रहा है नेहरू रोड हो माणिक्य नगर पुर रोड पर प्रताप नगर स्कूल के पास कलेक्ट्री के निकटओवर ब्रिज के मुहाने पर, और तो और नगर परिषद के बाहर के हालात भी ऐसे ही बन जाता है जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है पिछली बरसात में भी एक बालक की नाले में बह जाने से मौत हो गई थी इसके बावजूद नगर परिषद और नगर विकास न्यास पानी की निकासी के मामले में उदासीनता बरते हुए है।

नवकार महामंत्र के जपने से आत्मा शुद्व होती है : चंदनबाला

आसींद। नवकार महामन्त्र में अपार शक्ति निहित है, जो इसको मन से जपता है उसकी आत्मा शुद्ध बन जाती है, और वो नरकगति में नही जाता है। जीवन में सुख शांति पाने के लिए नवकार महामन्त्र का जाप जरूर करें। उक्त विचार तपाचार्य जयमाला म.सा. की सुशिष्या चंदनबाला ने महावीर भवन में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किये। धर्मसभा में आचार्य आनंद ऋषि म.सा. का 121 वा जन्मोत्सव नवकार महामन्त्र का सामूहिक जाप करके मनाया गया। आसींद में हर रविवार को पिछले 23 सप्ताह से नवकार महामन्त्र का सामूहिक जाप श्रावक - श्राविकाओं द्वारा किया जा रहा है। जाप के पश्चात लक्की ड्रा निकाला जाता है जिसके विजेता कमलेश चौधरी रहे। धर्मसभा में ब्यावर से आये कवि श्याम अंगारा ने भजन प्रस्तुत कर महासती के गुणगान किये। साध्वी आनंद प्रभा, डॉ चन्द्र प्रभा, सुरभि म.सा. ने नवकार महामन्त्र के जपने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

समाचार-आसपास

जो ऊंचा उठा है वही गिरेगा - चैतन्य महाराज

भीलवाड़ा। बाल ब्रह्मचारी अनन्त विभूषित त्रयम्बकेश्वर चैतन्य महाराज ने कहा कि संयोग ही वियोग का कारण है। संसार का रहस्य इतना है जो मिला है वह छूटेगा। जो ऊंचा उठा है वही गिरेगा। लंबी उम्र के बिना छोटी सी जिंदगी ही सुंदर है। संत श्री रविवार को हरिशेवा धाम उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में प्रवचन दे रहे थे। संत श्री ने महाराणा प्रताप, भगत सिंह व चंद्रशेखर के जीवन का वर्णन करते हुए बताया कि इनकी उम्र छोटी रही लेकिन फिर भी इनके कर्म से यह पूज्य हैं। जिसके मन में महाराणा प्रताप सहित अन्य महापुरुषों के प्रति श्रद्धा नहीं है वह भारतीय नहीं हो सकता है। सब कुछ संभव है लेकिन शत्रु को संतुष्ट करना असंभव है जो लोग अपनी परिस्थितियों पर रोते है वो कुछ नहीं कर सकते हैं । मनुष्य में बड़ी अपार संभावनाएं पड़ी है। राजा, गुरु एवं स्त्री से यथोचित दूरी बनाए रखनी चाहिए। संत श्री ने कहा कि माताओं की विशेषता है की माताएं बात करते हुए भी बड़े से बड़ा काम कर लेती है लेकिन पुरुष ऐसा नहीं कर सकता है। वर्तमान में यह व्यवस्था समाप्त हो रही है। रसोई की व्यवस्थाएं भी नियमबद्ध नहीं रही है। कार्यक्रम प्रवक्ता रजनीकांत आचार्य ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में नारायण स्वामी ने कहा कि आज का वातावरण भौतिकवादी है। जहां केवल संयम एवं खाने की ओर है। इसके विपरीत हम कौन हैं? क्या करना है ? भगवान का चिंतन करना अध्यात्म है। महाराज ने एक भजन प्रस्तुत करते हुए समझाएं कि जिन्होंने तैरना सीखा नही वह भव पार होते हैं। प्रारंभ में राजेंद्र हिंगड़ ने सत्संग की महिमा पर भजन जिसको जीवन में मिला सत्संग है उसे आनंद ही आनंद है प्रस्तुत किया। संयोजक परिवार के राधेश्याम अग्रवाल ने बताया की हरिशेवा धाम उदासीन आश्रम सनातन मन्दिर में महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन महाराज के सानिध्य में प्रवचन प्रतिदिन अपराह्न 3 से शाम 5 बजे तक चल रहे है। प्रवचन का फेसबुक पर सीधा व यूट्यूब पर शाम को प्रसारण किया जा रहा है। संयोजक परिवार के कृष्णगोपाल, छीतरमल व प्रह्लाद अग्रवाल ने बताया की संत श्री के साथ दंडी स्वामी प्रबोधाश्रम महाराज, नृसिंह भारती महाराज, आचार्य हरि ओम महाराज, स्वामी नारायण महाराज, ब्रह्मचारी देवेश महाराज भी ज्ञान गंगा बहा रहे हैं। महाराज श्री का मोहित अग्रवाल, डॉक्टर प्रह्लाद, खेमराज पनवा, भैरूलाल बच्छ, डॉक्टर कमला कांत शर्मा, राजेंद्र हिंगड़, कवि अरुण अजीब आदि ने किया।

फार्म हाउस पर डकैतों का धावा

भीलवाड़ा । भीलवाड़ा में कोदूकोटा, रायला व इसके बाद अब गाडरमाला में एक फार्म हाउस पर डकैतों ने धावा बोलकर एक दंपती को डरा-धमका कर बंधक बनाने के बाद बदमाश ट्रेक्टर-ट्रॉली व कृषि उपकरण लूट ले गये। वारदात को लेकर इलाके में दहशत है। वहीं कारोंई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उदयपुर जिले के फतहनगर निवासी कुलदीप सिंह राणावत का गाडरमाला में कृषि फार्म है। इस फार्म की देखरेख मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के नायनंद निवासी बद्रीलाल पुत्र कालू मीणा व इसकी पत्नी करते हैं। 30 जुलाई की रात मीणा दंपती फार्म हाउस पर थे। रात 12-1 बजे के बीच सात से आठ बदमाश फार्म हाउस में घुस आये। इन बदमाशों ने आते ही मीणा दंपती को दबोच लिया और उनसे फोन भी छीन लिया। इसके बाद बदमाशों ने दंपती को डराया-धमकाया। इसके बाद इन बदमाशों ने दंपती के कमरे में बंद कर दिया। बदमाशों ने फर्म पर खड़ी ट्रेक्टर-ट्रॉली, उरई मशीन, मोरपलो सहित अन्य उपकरण लूट लिये और वहां से भाग छूटे। उधर, जैसे-तैसे दंपती कमरे से बाहर आया और वारदात की सूचन फार्म मालिक राणावत को दी। राणावत ने कारोंई पहुंच कर मामला दर्ज करवाया।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए है और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी मे आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फ़ोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं	विशिष्टिक्टिव नं.	इक्विटी शेयरो की सं.
1.	नंद किशोर लनेजा-5868	18824	1862871-1862970	100

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के पास लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 31/07/2021
स्थान: नई दिल्ली